मेरा आपकी कृपा से-साईं भजन

मेरा/साईं आपकी कृपा से, सब काम हो रहा है ॥
*करते हो साईं बाबा, मेरा नाम हो रहा है ।
मेरा आपकी कृपा से...,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

पतवार के बिना ही, मेरी नाव चल रही है ।
हैरान है ज़माना, मंज़िल भी मिल रही है ॥
करता नहीं मैं कुछ भी,,, जय हो ॥,
सब काम हो रहा है,,,
मेरा आपकी कृपा से...,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

तुम साथ हो जो मेरे, किस चीज की कमी है ।
किसी और चीज की अब, दरकार ही नहीं है ॥
तेरे साथ से गुलाम अब,,, जय हो ॥,
गुलफाम हो रहा है,,,
मेरा आपकी कृपा से...,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

मैं तो नहीं हूँ काबिल, तेरा पार कैसे पाऊँ ।
टूटी हुई वाणी से, गुणगान कैसे गाऊँ ॥
तेरी प्रेरणा से ही,,, जय हो ॥,
ये कमाल हो रहा हैं,
मेरा आपकी कृपा से...,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

दुनियाँ में होंगे लाखों, तेरे जैसा कौन होगा ।
तुझ जैसा बंदा परवर, भला ऐसा कौन होगा ॥
पर थामा है तेरा दामन,,, जय हो ॥,
आराम मिल रहा है,,,
मेरा आपकी कृपा से...,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

कोई नहीं था मेरा, फिरता था मारा मारा ।
बेआसरे को बाबा, तुमने दिया सहारा ।
तेरी बदौलतों से,,, जय हो ॥,
सब काम हो रहा है,,,
मेरा आपकी कृपा से...,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

मुझे हर कदम डगर पर, तुमने दिया सहारा ।
मेरी ज़िन्दगी बदल दी, तुमने करके एक इशारा ।
एहसान पे तेरा ये,,, जय हो ॥,
एहसान हो रहा है,,,
मेरा आपकी कृपा से...,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

तूफ़ान आंधियों में, तूमने है मुझको थामा ।
तुम कृष्णा बन के आए, मैं जब भी बना सुदामा ॥

तेरा कर्म ये मुझ पे,,, जय हो ॥,
सरेआम हो रहा है,
मेरा आपकी कृपा से...,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,
साईं राम बोलो, श्री साईं श्याम बोलो-धुन

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29762/title/mera-aap-ki-kripa-se

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |